प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019
गृह विज्ञान (केवल प्रश्नपत्र)
कक्षा–12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

नोटः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 4 बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या–5 से 9 अति लघु उत्तरीय हैं, जिसका उत्तर 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या–10 से 14 लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या–15 से 18 दीर्घ उत्तरीय हैं जिनका उत्तर 100 शब्दों में दीजिये।

(3) सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहु–विकल्पीय प्रश्न)

निम्नांकित के सही उत्तर छांटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये–

1– (क) दूध किस कीटाणु के कारण खराब होता है? 1

(अ) लैक्टो बेसिलस (ब) नाइट्रो फैक्टर

(स) क्लास्ट्रीडियम (द) बैसिलस मेगाथीरियन

(ख) वसा में घुलनशील विटामिन है? 1

(अ) A,B,C तथा K (ब) B तथा C

(स) A,D,E तथा K (द) B,D तथा E

(ग) रक्त का थक्का बनाने वाला प्रोटीन है? 1

(अ) ग्लोबुलीन (ब) फाइब्रीनोजन

(स) एल्बूमिन (द) इनमें से सभी

(घ) स्वस्थ्य मनुष्य एक मिनट में कितनी बार सांस लेता है? 1

(अ) 15–18 बार (ब) 5 से 10 बार

(स) 25 से 30 बार (द) अनियमित

(ङ) इनमें से कौन सा दृष्टिदोष है? 1

(अ) मायोपिया (ब) फाइलेरिया

(स) हाइपरटेंशन (द) इनमें से सभी

2– (क) रेबीज किस जानवर के काटने से होता है? 1

(अ) कुत्ता (ब) बिल्ली

(स) मच्छर (द) हाथी

(ख) डेंगू किस मच्छर के काटने से होता है? 1

(अ) एडीज इजिप्टी (ब) क्यूलेक्स

(स) एनाफ्लीज (द) मैनसोनिया

(ग) गन्दी बस्ती से कौन सा रोग फैलता है? 1

(अ) अतिसार (ब) मधुमेह

(स) उच्च रक्तचाप (द) हृदय रोग

(घ) विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है? 1

(अ) जेनेवा (ब) नई दिल्ली

(स) टोक्यो (द) पेरिस

(ङ) भूकम्प का लक्षण है? 1

(अ) आंधी चलना (ब) धरती हिलना

(स) ओलावृष्टि (द) इनमें से सभी

3– (क) बाल–विवाह का दोष है– 1

(अ) माता–पिता जिम्मेदारी से मुक्त।

(ब) भरण–पोषण पर कम व्यय।

(स) बालिका के स्वास्थ्य पर खतरा।

(द) कम दहेज देना।

(ख) वैवाहिक असामंजस्यता का मुख्य कारण है– 1

(अ) मकान (ब) कपड़ा

(स) वैचारिक मतभेद (द) भोजन

(ग) वर्तमान में दहेज प्रथा को क्या माना जाता है– 1

(अ) एक उत्तम प्रथा (ब) एक प्रकार की आर्थिक सहायता

(स) सामाजिक बुराई (द) एक प्रकार की सौदेबाजी

(घ) एकाकी परिवार में पायी जाती है– 1

(अ) तीन पीढ़ियाँ (ब) दो पीढ़ियाँ

(स) तीन से अधिक पीढ़ियाँ (द) चार से अधिक पीढ़ियाँ

(ङ) व्यक्तित्व की अवधारणा में निहित होते हैं– 1

(अ) व्यक्ति के बाहरी गुण

(ब) व्यक्ति के स्वाभाविक गुण

(स) व्यक्ति के आन्तरिक एवं वाह्य गुण

(द) उपरोक्त से कोई नहीं।

4– (क) अधिक शिशु मृत्यु दर का कारण है– 1

(अ) शिशु के पालन–पोषण की अच्छी व्यवस्था

(ब) शिशु को उच्च गुणवत्तायुक्त भोजन देना

(स) शिशु में कुपोषण (द) इनमें से कोई नहीं

(ख) शिशु की देखभाल में आवश्यकता है– 1

(अ) शिशु को आयु के अनुसार भोजन देना

(ब) शिशु के लिए अच्छे वस्त्र की व्यवस्था

(स) शिशु को संगीत सुनाना (द) इनमें से कोई नहीं।

(ग) परिवार नियोजन का लाभ है– 1

(अ) जनसंख्या नियंत्रण (ब) सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि

(स) अपराधों में कमी (द) लिंगानुपात में समानता

(घ) माँ का दूध शिशु के लिए उपयोगी है– 1

(अ) इसमें रोग से लड़ने की शक्ति होती है।

(ब) यह सुपाच्य होता है।

(स) इसमें पोषक तत्व पाये जाते हैं।

(द) इसमें से सभी।

(ङ) यूनिसेफ की स्थापना हुई थी– 1

(अ) 1944 में (ब) 1945 में

(स) 1946 में (द) 1949 में

(अति लघु उत्तरीय)

5– (क) किसी एक संतुलित आहार का नाम लिखिये। 1

(ख) रक्त का संघटन लिखिये। 1

6– (क) तंत्रिका तन्त्र का एक मुख्य भाग लिखिये। 1

(ख) नाक में बाल आवश्यक क्यों हैं? 1

7– (क) चिकनगुनिया का कोई एक लक्षण लिखिये। 1

(ख) संयुक्त परिवार का एक लाभ लिखिये– 1

8– (क) बालविवाह का एक गुण लिखिये? 1

(ख) व्यक्तित्व पर बाल्यावस्था का एक प्रभाव लिखिये। 1

9– (क) शिशु–मृत्यु दर की रोकथाम पर एक उपाय लिखिए। 1

(ख) शिशु में नियमित उत्सर्जन की आदत क्यों होनी चाहिए? 1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10– (क) उचित श्वसन क्रिया में आसन की सार्थकता को संक्षेप में लिखिए। 2

(ख) क्षय रोग के किन्ही दो लक्षणों को लिखिये। 1+1

11– (क) गन्दी बस्ती के दो सुधारात्मक उपायों को संक्षेप में लिखिए। 1+1

(ख) प्रदूषण के जनजीवन पर होने वाले दो प्रभावों का संक्षेप में वर्णन करें। 1+1

12– (क) स्वास्थ्य के नियमों को संक्षेप में लिखिए। 2

(ख) एकाकी परिवार के दो दोषों को लिखिये। 1+1

13– (क) दहेज उन्मूलन के दो उपायों को लिखिए। 1+1

(ख) सामाजिक विच्छेदन के दो कारणों को लिखिए। 1+1

14– (क) शिशु के दाँत निकलने पर दो सावधानियाँ लिखिए। (1+1)

(ख) बाल कल्याण संगठन के दो कार्यों को लिखिए। 1+1

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

15– श्वसन तन्त्र के विभिन्न अंगों का चित्र बनाकर उनका वर्णन कीजिए। 5

अथवा

संतुलित आहार पर टिप्पणी लिखिए।

16– किसी एक प्राकृतिक आपदा के कारण की विवेचना करते हुये इससे बचने के उपाय का वर्णन करें। 5

अथवा

हेपेटाइटिस 'बी' क्यों होता है? इसे लिखते हुये इसके रोकथाम के उपाय का वर्णन करें।

17– विवाह की कानूनी और जीवशास्त्रीय योग्यता का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

अथवा

सामाजिक विषमताओं को दूर करने के उपायों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

18– शिशु की देखभाल के लिये उठाये जाने वाले आवश्यक कदमों का संक्षेप में वर्णन करें? 5

अथवा

परिवार नियोजन से क्या आशय है? इसकी आवश्यकता एवं लाभ को स्पष्ट कीजिए।

*****